राजस्थान में सौर ऊर्जा परियोजना

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड** ने राजस्थान में **ग्रुप कैप्टिव योजना** के तहत **100 मेगावाट (MW)** सौर ऊर्जा परियोजना को पूरा करने की घोषणा की।

- अंतर-राज्यीय ट्रांसमिशन नेटवर्क से अपनी कैप्टिव खपत के लिये विद्युत प्राप्त करने की यह कंपनी की पहली परियोजना है।

मुख्य बिंदु:

- इस परियोजना से विद्युत **राजस्थान, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, तमिलनाडु, ओडिशा सहित अन्य** में कंपनी की इकाइयों को उपलब्ध होगी।
    - कंपनी के पास अब 612 MW नवीकरणीय ऊर्जा और 278 MW **वेस्ट हीट रिकवरी सिस्टम (WHRS)** की क्षमता है।
        - **WHRS, ऊर्जा-बचत विद्युत उत्पादन प्रणालियाँ हैं जो मुख्य इंजन की निकास गैस से ऊर्जा पुनर्प्राप्त और पुन: उपयोग करती हैं।**
- अल्ट्राटेक सीमेंट ने **वर्ष 2030 तक अपने हरित ऊर्जा मिश्रण को 85%** तक बढ़ाने के लिये प्रतिबद्ध किया है और यह परियोजना नवाचार, स्थिरता तथा सभी के लिये एक उज्ज्वल, स्वच्छ भविष्य की खोज के प्रति इसके समर्पण की पुष्टि करती है।

ग्रुप कैप्टिव योजना

- यह एक **विद्युत खरीद तंत्र** है जिसमें व्यक्ति या समूह विशेष रूप से अपने उपयोग के लिये विद्युत खरीदने के लिये विद्युत संयंत्र स्थापित करते हैं।
- इन कैप्टिव उपयोगकर्त्ताओं के पास सामूहिक रूप से विद्युत संयंत्र का न्यूनतम **26% स्वामित्व होना** चाहिये और उनके आनुपातिक स्वामित्व शेयरों के आधार पर **10% से अधिक की भिन्नता** के साथ सालाना उत्पन्न विद्युत का **न्यूनतम 51% उपभोग** करना चाहिये।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/solar-energy-project-in-rajasthan